(च) क्या सरकार इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करायेगी; और

(छ) सरकार इस संबंध में खुली प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद): (क) और (ख) मैसर्स मोदी जेरॉक्स को सरकारी विभागों को अपनी जेरॉक्स मशीनें बिक्री करने के एकाधिकार देने के संबंध में पूर्ति विभाग द्वारा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

(ग) से (छ) फोटोकॉपिंग मशीनों की अधिप्राप्ति पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय द्वारा किए जाने का कार्य वर्ष 1985 में विकेन्द्रित कर दिया गया था तथा केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों को अपनी मांग हेतु इन मशीनों की खरीद सीधे करने के लिए अधिकृत कर दिया गया है।

आयुर्वेदिक औषधियों का निर्यात

2632. **श्री रणजीत सिंह:**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन:

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 25 अक्टूबर, 1991 को दैनिक "ट्रिब्यून" में प्रकाशित "डेवलप्ड नेशन्स टेकिंग टू आयुर्वेदा" शीर्षक समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश से देशी जड़ी-बूटियों और उनसे निर्मित औषधियों के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार देश और विदेश में आयुर्वेदिक शोध कार्य को बढ़ावा देने और शोध कार्य के परिणामों का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोई कार्य-योजना कार्यान्वित करने का विचार रखती है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्): (क) और (ख) जी हां।

(ग) और (घ) केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध औषधि अनुसंधान परिषद् देश के विभिन्न भागों में अपनी अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से अनुसंधान संबंधी अध्ययन कर रही है।

Four Points Plan to Increase Export

2633. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government have proposed a four points plan to the states to increase their export;

(b) if so, what are the details of this plan; and

(c) the reaction of the State Governments thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) and (b) The Government of India has made the following suggestions to the State Governments to boost their exports:—

(1) Create a nodal point in the State Secretariat and appoint a nodal officer to deal with exports;

(2) Exempt exports from State fiscal levies;

(3) Set up an Apex level Body under the Chairmanship of Chief Minister for policy formulation;

(4) Set up Board of Trade in the State to ensure continuous dialogue with trade and industry;

(5) Set up an Export House as a joint venture with a private sector partner.

(c) The reaction of the States, received so far, has been positive.

Payment of CCS and Supplementary CCS in Lieu of Duty Drawback

2634. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is fact that due to lack of budget allocation, the payment of CCS and Supplementary CCS in lieu of Duty Drawback has not been made since July, 1991;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether it is fact that payment of Supplementary CCS (in lieu of duty draw-back) to deemed exporters is actually a refund;

(d) if so, why budget allocation is